ए.टी.एम. को काटकर करीब 9 लाख रूपए की लूट की

मंडावा, (निसं)। एसबीआई बैंक के एटीएम की केश ट्रै को गैस कटर से काटकर चोरों ने रविवार रात्रि को लूट की वारदात को अंजाम दिया।

कस्बे के मुख्य बाजार स्थित रघुनाथ जी के मंदिर के पास एसबीआई बैंक के एटीएम करीब 9 लाख रूपए की लूट को अंजाम दिया और लुटेरों ने सीसीटीवी कैमरे को डैमेज कर दिया। जिससे वारदात रिकॉर्ड नहीं हो सके।

थानाधिकारी रामपाल मीणा ने

- **सीसीटीवी कैमरे को भी डैमेज कर दिया**
- **कस्बे की अब तक की सबसे बड़ी घटना**

बताया कि रविवार की रात को 1 बजे पुलिस की गश्त टीम निकली तो एटीएम सुरक्षित था। लेकिन पुलिस की गश्त टीम रात्रि को 3 बजे दोबारा एटीएम के आगे से निकली तो उस समय तक एटीएम में लूट की घटना हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पुलिस की स्पेशल टीम साइबर क्राइम एफएसएल द्वारा सीसीटीवी फुटेजों के आधार के अलावा अन्य सूत्रों द्वारा भी जानकारी जुटाने में लगी हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना रात्रि करीब 2 बजकर 12 मिनट से 2 बजकर 36 मिनट के मध्य हुई। एटीएम लूट की घटना को लेकर कस्बे के वरिष्ठ जनों का कहना है कि कस्बे में अब तक की हुई घटनाओं में यह सबसे बडी घटना है। पुलिस को त्वरित कार्रवाई कर चोरों को गिरफ्तार करें। जिससे आमजन में विश्वास कायम हो।

मंडावा में एसबीआई बैंक के एटीएम की केश ट्रै को गैस कटर से काटकर वारदात को अंजाम दिया।

झुंझुनूं में पहली बार ज्वैलरी शो का आयोजन

झुंझुनूं,(निसं)। शेखावाटी क्षेत्र में पहली बार ज्वैलरी शो का आयोजन गीतांजलि फॉर्म हाउस पर एक किसान के खेत में हुआ है।

अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष शिवकरण जानूं की पहल पर गीतांजलि ज्वैलर्स समूह ने इस ज्वैलरी शो का आयोजन किया। जिसमें देश भर के कई सारे ज्वैलर्स और सैंकडों खरीददार भी पहुंचे। ज्वैलरी शो का उद्घाटन गीतांजलि परिवार की मुखिया धनपति देवी ने किया। इस अवसर पर गीतांजलि ज्वैलर्स समूह के चेयरमैन शिवकरण जानूं के साथ सीए डॉ. रोहित चौधरी, पूर्व उप सभापति वीरेंद्र डारा, रामस्वरूप तिलोटिया, सूबेदार मेजर धर्मपाल सिंह, पूर्व प्रधान सुशीला सीगडा, निहाल सिंह खींचड, दयाचंद मांजू, शुभेंद्र बिजारणियां, रामनिवास सिलायच, प्रेमसिंह चाहर, स्वर्णकार संघ के नेशनल सेक्रेट्री दिलीप कुमार, राजस्थान मेरिट अवार्ड समारोह समिति के अध्यक्ष हरिराम किंवाडा, संयुक्त राष्ट्र संघ से सम्मानित अधिकारी भागीरथ चौधरी, कृषि वैज्ञानिक डॉ. हनुमान प्रसाद, सत्यदेव दडिया, पूर्व डीएसओ सुभाषचन्द्र, गीतांजलि ज्वैलर्स के सीईओ अभिषेक जानूं समेत गणमान्य जन मौजूद रहे। शो में सोने और चांदी के विभिन्न आभूषणों को इस अवसर पर प्रदर्शित किया गया। कई लोगों ने डिजाइनिंग और गहने पसंद आने पर बुकिंग भी करवाई।

गौ-तस्कर समझकर पिकअप पर हमला किया

सादुलपुर, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गांव लसेडी के पास टोल नाके पर रविवार रात्रि को जीप ओर मोटर साइकिलों पर सवार होकर एक दर्जन से अधिक युवकों ने गौ तस्कर समझकर एक पिकअप जीप पर लाठी डंडों से हमला कर जीप चालक तथा एक अन्य युवक को जीप से नीचे उतारकर लाठी डंडों लात घूसो से जमकर मारपीट की।

जिसका वीडियो भी वायरल हो गया। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी जीप में सवार होकर फरार हो गए। घटना के बाद घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए हरियाणा के फतेबाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

इस संबंध में थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने मामले में 4-5 आरोपियों को हिरासत में लिया है। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि पिकअप जीप में सवार चालक तथा एक अन्य युवक पिकअप में जयपुर से नींबू भरकर बठिंडा पंजाब जा रहे थे। सादुलपुर बाईपास से कुछ युवकों ने मोटर साइकिल पर तथा कुछ ने जीप में सवार होकर पिकअप जीप का पीछा करना शुरू कर दिया तथा लसेडी टोल नाके पर पहुंचते ही पिकअप जीप पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। बोल रहे थे कि पिकअप जीप में गायों की तस्करी कर फरार हो रहे थे। जबकि पिकअप जीप का तिरपाल हटाकर जांच की तो पिकअप

- **दो जने घायल, पिकअप में भरे थे नींबू**

जीप में नींबू भरे हुए थे। थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि सोनू पुत्र बंशीराम बिश्नोई उम्र 29 वर्ष निवासी ढाणी माजरा फतेहाबाद हरियाणा ने पर्चा बयान देकर बताया कि वह अपने साथी सुंदर पुत्र बलवंत सिंह बिश्नोई उम्र 35 वर्ष निवासी बडोपल फतेहाबाद हरियाणा के साथ जयपुर से नींबू भरकर बठिंडा पंजाब जा रहे थे। सादुलपुर बाईपास पर पहुंचा तो कुछ लोग मोटरसाइकिल पर तथा कुछ जीप में सवार होकर उनकी पिकअप जीप का पीछा करना शुरू कर दिया तथा टोल नाके पर पहुंचते ही बदमाशों ने उनकी पिकअप पर लाठी डंडों से हमला कर दिया तथा उनको जीप से नीचे उतारकर तथा सडक पर पटक कर लाठी डंडो से मारना पीटना शुरू कर दिया। उनकी एक बात भी नहीं सुनी, हमलावर उनको गो तस्कर कह रहे थे। आरोपी हमलावर सोनू उर्फ सोनिया, वरुण, दिनेश आदि नाम से एक दूसरे को पुकार रहे थे। उन्होंने बताया कि लगभग एक दर्जन लोगों ने उनके साथ मारपीट की और उनका मोबाइल भी छीन कर ले गए। थाना अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप में मामला दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाई करेंगे।

सार-समाचार

सांसद के जन्मदिन पर कई कार्यक्रम हुए

झुंझुनूं,(निसं)। झुंझुनूं सांसद बृजेंद्र सिंह ओला के जन्मदिवस पर सोमवार को जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मान नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर सांसद बृजेंद्र ओला का जन्मदिन मनाया गया। इससे पहले कार्यालय में केक काटकर कार्यकर्ताओं को मुंह मीठा करवाया गया और सांसद ओला के लंबी उम्र की कामना की गई। इस दौरान झुंझुनूं शहर में अलग - अलग जगह पौधे लगाए गए। उनकी सार संभाल की जिम्मेदारी ली। अजमत अली ने बताया कि झुंझुनूं सांसद के जन्मदिन पर पौधारोपण अभियान शुरू किया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान जिला कार्यकारी अध्यक्ष खलील बुडाना, उप सभापति राकेश झाझडिया, पूर्व अध्यक्ष तैयब अली, वरिष्ठ पार्षद मनफूल, उमर कुरैशी, प्रेम कस्वां, रियाज चायल, सलीम कबाडी, राजकुमार डिग्रवाल, नवीन नायक, पार्षद प्रतिनिधि इलियास अली, उम्मेद खान, राकेश झाझडिया, सदरूद्दीन ठेकेदार, पूर्व सरपंच रोहिताश्व, पूर्व पार्षद तौफिक सैयद, सलीम चेजारा, आनंद ओला व बजरंगलाल आदि मौजूद रहे।

उपचुनाव की मतगणना संपन्न

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ पंचायत समिति के वार्ड संख्या 13 सदस्य पद के लिए कुल 2487 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी प्रेम को 2356 मत तथा निर्दलिय प्रत्याशी अनिता स्वामी को सिर्फ 106 मत मिले। वहीं नोटा पर 25 मत डाले गए। जबकि भाजपा की ओर से कोई प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया। मतगणना के उपरांत रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) सुशील कुमार सैनी ने विजेता प्रत्याशी प्रेम को पद की गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए निर्वाचित का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान तहसीलदार इमरान पठान, निर्वाचन शाखा से व्याख्याता हनुमान सिंह श्योराण, व्याख्याता पुरूषोतम शर्मा ने मतगणना में सहयोग किया। इस अवसर पर हमीरवास थानाधिकारी मदन लाल बिश्नोई, सिद्धमुख थानाधिकारी रामकरण सिद्धू, एसआई सुरेन्द्र बिश्नोई आदि सहित पुलिस जाब्ता तैनात रहा। गौरतलब है कि इससे अलावा वार्ड 10भैंसली से रमेश कुमार पूनिया तथा चाँदगोठी के वार्ड 11 से होशियार सिंह, रामसरा ताल गांव के वार्ड नंबर 05 से रेनू देवी ने, राघा छोटी से अंजू मेघवाल ने वार्ड 04 से वार्ड पंच के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया था। जिसमें सभी वार्डो से एक-एक आवेदन पत्र प्राप्त हुआ था। तथा जाँच के बाद 22 जून को उक्त सभी वार्ड पंचो को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया था।

योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया

चूरू, (कासं.)। ग्राम विकास गतिविधि अभियान के अंतर्गत विजयपुरा, नौरंगपुरा व खारियाबास गाँव में जिला ग्राम विकास संयोजक व आयुष योग प्रशिक्षक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने ग्राम विकास गीत प्रस्तुत कर योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। यहां अमरसिंह डेरुवाल के सानिध्य में संगठन सेवा विस्तार पर विस्तारपूर्वक विचार विमर्श किया। इस दौरान विजयपुरा के खेल मैदान में पूर्व सरपंच सम्पर्क प्रमुख विजेंद्र सिहाग, प्रोढ कार्य प्रमुख ओमप्रकाश राहड, मिलन प्रमुख मास्टर राजपाल राहड़, धर्मवीर, करणाराम, नौरंगपुरा में कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक विजेंद्र स्वामी के नेतृत्व में सेवा प्रमुख डॉ मनोज कुल्हरी, राजेंद्र मेघवाल, मिस्त्री रणवीर सांई, डॉ मनोज जिलोआ, राहुल बिंटू जांगिड़, मनीष शर्मा, आर्यन, मुकेश व राहुल जांगिड़ ने श्री गोरक्षनाथ गौशाला प्रांगण में दो सौ पौधे रोपित करने तथा खारियाबास स्थित राजकीय विद्यालय में संस्था प्रधान सुमन देवी जाखड़, अशोक स्वामी, ओमप्रभा धरू, उर्मिला, पिंटु कुमारी, सुमन देवी महला, विजेंद्र आदि शिक्षाकर्मियों सहित छात्र छात्राओं ने भागीदारी निभाते हुए ग्राम विकास जागरूकता अभियान को सफल बनाने की शपथ ली।

डॉक्टर्स-डे मनाया

चूरू, (कासं.)। राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल में सोमवार को श्रीकृष्णा टाटा मोटर्स चूरू के द्वारा डॉक्टर्स-डे मनाया गया। यहां सामूहिक रूप से डॉ. हनुमान जयपाल के साथ केक काटकर डॉक्टर्स डे मनाया। साथ ही उनको जन्म उत्सव पर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर डॉ. हनुमान जयपाल ने कहा कि देश के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. रॉय को सम्मान देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1991 में इस दिन को मनाने की शुरुआत की थी। इस दौरान डॉ. शंकर लाल सोनी, डॉ. मंगल सिंह चलकोई, एचपी रोहिल्ला, नवशाद खां, असलम खान, समीर सहारण, राजविंद्र कौर सहित अन्य डॉक्टर्स मौजूद रहे। साथ ही टाटा सेल्स मैनेजर मनजीत सिंह, हेमंतसिंह, सोयल खान, वर्षा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

विज्ञान संकाय खुलवाने पर चर्चा

सादुलपुर, (निसं)। भारतीय किसान संघ की गांव रामपुरा में सोमवार को जिला युवा प्रमुख अनिल भाकर के सानिध्य में व नवनियुक्त अध्यक्ष मांगेराम जांगिड की अध्यक्षता में ग्राम समिति की बैठक हुई। जिसमें ग्राम समिति का गठन किया गया। ग्राम समिति के अध्यक्ष मांगेराम जांगिड, उपाध्यक्ष देश राम, मंत्री प्रताप सिंह, युवा प्रमुख विनोद कुमार मीणा, पर्यावरण प्रमुख विक्रम सिंह, एवं जल संरक्षण प्रमुख प्रीतम सिंह शेखावत को बनाया गया। ग्राम इकाई की बैठक में पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए रामपुरा ग्राम पंचायत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड लगाने पर जोर दिया गया, ताकि हमारा पर्यावरण शुद्ध रहे। जिलाध्यक्ष मुकेश रामपुरा ने बताया कि सभी ग्राम वासियों को भारतीय किसान संघ की तरफ से पेड दिए जाएंगे। साथ ही शहीद सूबेदार ओमप्रकाश राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान संकाय को लाने के लिए चर्चा हुई। इस चर्चा में पुरुषोत्तम लाल शर्मा, मनफूल पूनिया, महेंद्र प्रजापति, प्रताप सिंह, एस.एस. शेखावत, विक्रम, विनोद, नरेंद्र सिंह शेखावत, गोपाल गुर्जर, दीपांशु गुर्जर, आलोक, प्रीतम सिंह, संजय सिंह, मातुराम जांगिड, सतवीर, सुरेंद्र सिंह शेखावत रोशन लाल, सूरजभान, बंसीलाल जांगिड, दीपांशु, मंगल पूनिया, जितेंद्र, देशराम पूनिया, संजय शर्मा व महेंद्र जांगिड आदि उपस्थित रहे।

डॉक्टर्स व सीए का सम्मान किया

झुंझुनूं,(निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं द्वारा सोमवार को डॉक्टर्स डे व सीए डे पर डॉ. एसएन शर्मा, डॉ. अनिल अग्रवाल, डॉ. एनएस नरूका, डॉ. रजनेश माथुर, डॉ. कुंदन सिंह मील, डॉ. मूलसिंह शेखावत, सीए पवन कुमार केडिया को लॉयंस क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत ने प्रशस्ति पत्र देकर व जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड द्वारा दुपट्टा पहना कर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड, तत्कालीन सचिव भागीरथप्रसाद जांगिड, लॉयन विनीत शर्मा, पूर्व अध्यक्ष लॉयन शकुंतला पुरोहित, स्पेशल सेक्रेट्री एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, लॉयन रामप्रताप कुमावत, कार्यक्रम संयोजक शिवकुमार जांगिड व अन्यजन उपस्थित रहें।

'छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखें'

चूरू, (कासं.)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर उत्तम सिंह शेखावत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक ली और विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

इस मौके पर शेखावत ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेंद्र सिंह से कहा कि वे जिले में स्थित विभाग के समस्त छात्रावासों का निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि छात्रावास में रहने वाले बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी सेवाओं सहित बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि बिजली-पानी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें और यह सुनिश्चित करें कि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मानसून के सीजन को देखते हुए खंभों में करंट आदि की आशंका को देखते हुए समुचित मॉनीटरिंग करें और यदि कहीं से शिकायत आ रही है तो तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करें। एडीएम ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि पोर्टल पर दर्ज होने वाले प्रकरणों की

- **अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक ली**

सघन मॉनीटरिंग करें और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों को गंभीरता से लें और मुख्यमंत्री कार्यालय से आने वाले प्रकरणों तथा काफी समय से लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देकर उनका प्राथमिकता से समाधान करें। पोर्टल को नियमित तौर पर लॉगिन करें तथा लोगों को यथासंभव समाधान देने की कोशिश करें। एडीएम ने सीडीईओ जगवीर यादव से कहा कि प्रवेशोत्सव के दौरान अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करें और मानसून के मध्येनजर विद्यालयों एवं खेल मैदानों में अधिक से अधिक पौधरोपण करें। एडीएम ने नगर परिषद अधिकारियों से कहा कि शहर में जल भराव वाले क्षेत्रों की ठीक से मॉनीटरिंग कर पानी की निकासी सुनिश्चित करें और आमजन को राहत प्रदान करें। एडीएम ने जिला डीएफओ भवानी सिंह सहित समस्त अधिकारियों को पौधरोपण गतिविधियों में सक्रियता दिखाते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण के निर्देश दिए।

बच्चों को हॉस्पिटल का भ्रमण कराया

झुंझुनूं,(निसं)। मंडावा रोड स्थित द टैगोर स्कूल में सोमवार को डॉक्टर्स डे मनाया गया। संस्थान के डायरेक्टर तरूण अहलावत ने बताया कि प्राइमरी स्तर के सभी बच्चों को डॉक्टर्स डे के अवसर पर राजकीय चिकित्सालय का भ्रमण करवाया गया।

जहां पीएमओ डॉ. संदीप पचार द्वारा हॉस्पिटल की सभी फेकिलिटीज मशीनों की जानकारी बच्चों को दी गई। साथ ही ऑक्सीजन प्लांट के बारे में गहनता से बताया गया। डॉ. पचार ने बताया कि देश और समाज में डॉक्टर्स और नर्स स्टाफ का बहुत बडा योगदान होता है। जीवन भर मानवीय सेवा करना ही डॉक्टर्स का सपना होता है। इस दौरान डॉक्टर्स को स्कूल के स्टाफ एवं बच्चों ने कार्ड गिफ्ट कर डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं दी गई। इसके बाद स्कूल में डॉक्टर्स डे का आयोजन किया गया।

संस्थान की एकेडमिक डायरेक्टर नेहा शर्मा ने बताया कि प्री प्राइमरी बच्चों की क्लास को हॉस्पिटल की तरह सजाया गया एवं बच्चों द्वारा डॉक्टर्स, नर्स व मरीज के ऊपर नाटक का मंचन किया । इस दौरान कई बच्चों ने डॉक्टर्स की परंपरागत ड्रेस पहन नाटक का मंचन किया। वहीं सीनियर स्तर के बच्चों द्वारा स्पीच एक्टिविटी का आयोजन कर डॉक्टर्स के जीवन से जुडे हर पहलुओं पर विचार रखे गए।

राठौड़ ने डाइट में विकास कार्यों का लोकार्पण किया

चूरू, (कासं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डाइट) में 84.15 लाख रुपए की लागत के कार्यों का लोकार्पण पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सहारण, पदमभूषण देवेन्द्र झाझड़िया एवं चूरू पंचायत समिति प्रधान दीपचन्द राहड़ ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डाइट गोविन्द सिंह राठौड़ ने बताया कि चूरू डाइट पूरे राजस्थान में दो वर्षों से प्रथम स्थान बनाये हुए है। जिसका श्रेय यहां कार्यरत समस्त स्टाफ को जाता है जो दिन रात मेहनत कर डाइट को नई पहचान दिला रहे हैं। इस अवसर पर सीडीईओ जगवीर सिंह यादव ने कहा कि गोविन्द सिंह के नेतृत्व में डाइट नित नई ऊंचाईयों को छू रही है। पंचायत समिति प्रधान दीपचन्द राहड़ ने डाइट के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए बच्चों को मेहनत एवं लगन से कार्य करने पर बल दिया। देवेन्द्र झाझड़िया ने बच्चों को उम्मीद और विश्वास के साथ तथा लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि हम केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के सहयोग से चूरू के विकास के नये आयाम

84.15 लाख रुपए की लागत के कार्यों का लोकार्पण पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सहारण ने फीता काटकर किया।

स्थापित करेंगे। यहां पूर्व केबिनेट मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने मुख्य सड़क से डाइट परिसर तक पक्की सड़क के निर्माण की घोषणा की और कहा कि डाइट एवं जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में विकास कार्यों को प्राथमिकता से करवाने का प्रयास किया जायेगा। डीईओ प्रा.शि. संतोष महर्षि ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि चूरू जिला शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्थान बरकरार रखे हुए है। अतिथियों द्वारा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में प्रथम स्थान पर रहे रजिराम, पवन कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डाइट के नरेन्द्र उपाध्याय, कुसुम शेखावत, उमा सारस्वत, बजरंग लाल मीणा, ओमप्रकाश कस्वां, संदीप महरोलिया, हंसराज मीणा, गिरीश शर्मा, प्रसन्ना मीणा, ओमप्रकाश बारूपाल, अमित ढाका, संतकुमार दहिया, भीष्म सहारण, संजय गुप्ता, महेन्द्र शर्मा, राकेश मोटसरा, प्रवीण, निहाल सिंह लाम्बा, रामनिवास चाहर, हेमन्त, राजकुमार, श्यामलाल उपस्थित थे।

30लाख रूपए की लागत से बने सभागार का उद्घाटन

खेतडी,(निसं)। खेतडी नगरपालिका परिसर में नवनिर्मित सभागार भवन का सोमवार को उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष विजेश शाह, गजेन्द्र जलन्द्रा थे, जबकि अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष गीता सैनी ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से फिता काटकर सभागार भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि खेतडी प्रदेश में जयपुर के बाद दूसरी सबसे बडी रियासत हुआ करती थी, जो राजनीतिक उपेक्षा के शिकार होने के कारण पर्यटक के रूप में पिछड चुकी है। खेतडी में आज भी ऐतिहासिक स्थल बने हुए हैं, जो सैलानियों को पर्यटन की ओर आकर्षित करते हैं। ऐसे में अब खेतडी को पर्यटन के रूप से विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव पेश कर खेतडी को पर्यटक के रूप में विकसित करने की मांग की जाएंगी। पूर्व की सरकार ने बबाई में स्थापित किए गए रीको औद्योगिक क्षेत्र की कार्य प्रगति में विस्तार नहीं होने के कारण औद्योगिक क्षेत्र का जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसको पूर्ण रूप से संचालन करने के लिए प्रमुखता से मुद्दा उठाया जाएगा। खेतडी में बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन भी स्थापित किया हुआ है, जिसमें पर्यटकों की आवाजाही भी होने लगी है। ऐसे में सैलानियों के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन का विस्तार भी करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में खेतडी क्षेत्र की सडकों की हालात पर ध्यान नहीं देने के कारण आज सडके काफी क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसके चलते आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ऐसे में कुछ मुख्य सडकों का प्रस्ताव बनवाकर भिजवाया गया है। इसके अलावा अन्य सडकों के मरम्मत की भी मांग की जाएगी। खेतडी क्षेत्र पहाडी क्षेत्र होने के कारण इसका विस्तार पूर्ण रूप से नहीं हो पा रहा है। ऐसे में सरकार के समक्ष मांग रखकर खेतडी के विकास को लेकर बेहतर प्रयास किए जाएंगे। नगरपालिका परिसर में 30लाख रूपए की लागत से सभागार भवन का निर्माण करवाया गया है।

विद्यार्थियों व अभिभावकों का सम्मान किया गया

झुंझुनूं,(निसं)। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जैसे ही सत्र की शुरूआत हुई है। उसी दरमियान देरवाला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2024-25 के प्रथम दिवस को विद्यालय में सरधारण की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि देरवाला पीएसी की डॉ. कौशल्या तथा अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या रूचिरा ने की। बैठक में सत्र 2023-24 में कक्षा 12 एवं 10के छात्र-छात्राओं का सम्मान माला पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर किया गया। उपस्थित सभी अभिभावकों का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय की व्याख्याता अनिता चौधरी ने कक्षा 12 के बोर्ड परीक्षा में 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हवाई सफर करवाने की घोषणा की थी। जो कि विद्यालय की छात्रा पायल मीना ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

चिकित्सकों ने पौधरोपण किया

सादुलपुर, (निसं)। सांखू फोर्ट कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को चिकित्सक दिवस पर चिकित्सकों द्वारा पौधा रोपण किया गया। वहीं चिकित्सकों ने राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शीशम व नीम सहित अन्य कई प्रकार के पेड लगाकर उनकी नियमित देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. आकांक्षा आबूसरिया ने कहा की पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते है। बढते पर्यावरण प्रदूषण को रोकने तथा घटती हुई वर्षा ऋतू की समयावधी को बढाने के लिए पौधारोपण रामबाण उपाय है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति एक-एक पौधा लगाकर नियमित देखभाल की जिम्मेदारी ले। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज झाझडिया ने कहा की पेड हमें ऑक्सीजन देता हैं, इसके साथ वातावरण को शुद्ध रखता है, इसलिए सभी को अधिक से अधिक पौधा लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। डॉ. कविता सहारण, डॉ. मीनाक्षी व डॉ. सुरेश कुमार ने अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर संजय सोलडा, नेत्र सहायक चिकित्सक डॉ विनोद कुमार, संदीप जाखड, रुकमणी घोटड, सुमन, नमिता, विजय, धर्मवीर सुरा व आबिद सिरोहा आदि सहित स्टाफ मौजूद रहा।

'एनीमिया मुक्त अभियान में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है'

झुंझुनूं,(निसं)। जिले में चल रहे एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान की समीक्षा बैठक का आयोजन कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी में सीडीईओ अनुसूईया की अध्यक्षता में किया गया। एनीमिया मुक्त अभियान में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को समय पर इन गोलियों का वितरण शिक्षा विभाग के मार्फत

- **एनीमिया मुक्त राजस्थान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई**

करवाया जाता है। एनीमिया की दर को कम करने एवं इससे बचाव के लिए कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को आयरन फोलिक एसिड की गुलाबी गोली खिलाई जाती है तथा कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को आयरन फोलिक एसिड की नीली गोली प्रत्येक मंगलवार को खिलाई जाती है। जिसकी शाला दर्पण पर प्रविष्टि की जाती है। आयरन फोलिक एसिड की इन गोलियों की आपूर्ति चिकित्सा विभाग द्वारा सीएचसी और पीएचसी के माध्यम से विद्यालयों को की जाती है। इस अवसर पर डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ. अभिषेक सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बताया कि इन गोलियों की आपूर्ति व खपत की समय पर सूचना देते हुए आवश्यकतानुसार चिकित्सा विभाग को डिमांड भिजवाएं। जिससे गोलियों की कमी नहीं रहे। ग्रीष्म अवकाश के बाद सोमवार से विद्यालयों में विद्यार्थी आना शुरू हो गए हैं। इसलिए इस अभियान की सफलता के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विद्यालयों में वर्तमान स्टॉक व डिमांड के लिए एक गूगल फॉर्म सभी विद्यालयों को भेजा जाएगा। जिसमें आवश्यक जानकारी संस्था प्रधान भरेंगे। बैठक में डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ. अभिषेक सिंह, एनीमिया मुक्त अभियान के जिला कॉर्डिनेटर मालसिंह चारण, एपीसी कमलेश तेतरवाल, राजबाला खीचड, पीओ बबिता सिंह उपस्थित रहें।

सीडीईओ अनुसूईया की अध्यक्षता में एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

अनिशा को प्रतिवर्ष 12 हजार छात्रवृत्ति मिलेगी

झुंझुनूं,(निसं)। हंसासरी गांव में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की 8वीं कक्षा की छात्रा अनिशा का नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप में चयन हुआ है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर द्वारा जारी परिणाम में एक बार फिर से हंसासरी की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ने अपना दबदबा कायम रखा है। यह छात्रवृत्ति आर्थिक रूप से वंचित छात्रों के बीच शिक्षा को बढावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित एक छात्रवृत्ति कार्यक्रम हैं। इस छात्रवृत्ति का उद्देश्य छात्रों को अपनी शिक्षा जारी रखने और उच्च अध्ययन करने में सक्षम बनाना है। प्रधानाचार्य विकास रूहिल ने बताया कि अनिशा को प्रति वर्ष 12 हजार रूपए छात्रवृत्ति के रूप में चार साल लगातार मिलेंगे। विद्यालय से हर साल नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप में छात्राओं का सलेक्शन होता है। जो विद्यालय के लिए बहुत अच्छी बात है तथा कक्षा 8 के अन्य छात्र छात्राओं को भी प्रेरणा मिलती है। प्रधानाचार्य विकास रूहिल ने एवं एनएमएमएस के परीक्षा प्रभारी वरिष्ठ अध्यापक केशर सिंह ने विद्यार्थियों को मन लगाकर एवं अनुशासन में रहकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

जनसुनवाई घोषित

झुंझुनूं,(निसं)। जिले में त्रि स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि जुलाई माह में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 4 जुलाई को, उपखंड स्तरीय जनसुनवाई 11 जुलाई तथा जिला स्तरीय जनसुनवाई 18 जुलाई को आयोजित होगी।

खोया-पाया

मैं विनोद कुमारी पुत्री श्री जगदीश जाति जाट निवासी ढाणी पन्ने सिंह पो. रतननगर, तह. चूरू जिला चूरू की मूल निवासी हूँ जो कि शपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि मुझ शपथकर्ता के LOST ARTICLE CLASS 10,12 MARKSHEET, B.SC N